हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

2 एक देश-एक चुनाव की नींव 1947 में रखी गई थी : हरदेल



3 हाल ए जेजेएम -कहीं टंकी लीकेज, तो कहीं बोर सूखे



## खबर संक्षेप

### छुही के जंगल में दो दंतैल, गांवों में अलर्ट

**धमतरी।** चंदा हाथी दल के दो दंतैल उत्तर सिंगपुर से फिर केरेगांव रेंज में आ गया है। शुक्रवार शाम को छुही निवासी जेसीबी ड्राइवर गज्जू सिंह ने दो हाथी को शाम 6 बजे जोगीडीह में स्थित देवांगन बाड़ी में देखा। फिर रात 7.30 बजे दोनों दंतैल को ग्राम पीपरछेड़ी के नीचेपारा स्थित तालाब में पानी पीते हुए पाया गया है। केरेगांव परिक्षेत्र के हाथी मित्र निगरानी दल दंतैलों पर नजर रखा हुआ है। आसपास के दर्जनभर से अधिक गांव को अलर्ट किया गया है।


### जिला देवांगन समाज का वार्षिक सम्मेलन 27 को

**सिर्री।** धमतरी जिला देवांगन समाज का 60 वां वार्षिक सम्मेलन 27 अप्रैल को देवांगन धर्मशाला दानीटोला नहर नाका चौक में आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा राजस्व मंत्री होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनय देवांगन अध्यक्ष जिला देवांगन समाज करेंगे। अन्य अतिथि रामू रोहरा महापौर, मोनिका देवांगन सभापति स्वास्थ्य महिला एवं बाल विकास जिला पंचायत धमतरी, प्रकाश बैस भाजपा जिला अध्यक्ष, कौशिल्या देवांगन सभापति नगर निगम धमतरी, विजय देवांगन पूर्व महापौर, दौवालाल देवांगन पूर्व संरक्षक जिला देवांगन समाज, कुंजलाल देवांगन संरक्षक जिला देवांगन समाज, रामगोपाल देवांगन संरक्षक जिला देवांगन समाज, भोलानाथ देवांगन पूर्व जिलाध्यक्ष, भगवान सिंह देवांगन पूर्व संरक्षक होंगे। यह जानकारी जिला अध्यक्ष विनय देवांगन ने दी है।

एमआईसी से आए सभी एजेंडे एवं महापौर द्वारा पेश किया गया बजट बहुमत से पास

# हंगामेदार रही निगम की सामान्य सभा

## विपक्षी पार्षद बैठक शुरु होते ही और समाप्ति तक सदन में मचाते रहे हंगामा





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगरपालिक निगम के सभागार में शुक्रवार को सुबह 11 बजे सामान्य सभा की बैठक शुरू हुई जो 3.30 बजे तक चली। बैठक में हंगामे के बीच एमआईसी से आए सभी 8 एजेंडे एवं महापौर द्वारा पेश बजट बहुमत से पास हो गया। एजेंडा एवं बजट पेश करते समय से लेकर बैठक खत्म होते तक कांग्रेस के सभी 8 पार्षद हंगामा मचाते रहे। एजेंडा और बजट को जुमलेबाजी कहते हुए विरोध करते नजर आए। चूंकि भाजपा के पास सदन में स्पष्ट बहुमत था इसलिए सभी मुद्दे आसानी से पास हो गए।

सुबह 11 बजे बैठक शुरु होने से पहले कांग्रेसी पार्षद प्रदर्शन करते हुए सदन में पहुंचे। प्रदर्शन को देखकर भाजपाई पार्षद भी मुखर हो गए। दोनों पार्टी के बीच धमाचौकड़ी, तनातनी मच गई। दोनों पार्टी की महिला पार्षदों ने भी अपना गुस्सा प्रकट किया। कुछ देर बाद अपने साथ लाए बैनर पोस्टर को कांग्रेसियों ने स्पीकर के पास जमा कर दिया। बैठक की कार्रवाई स्पीकर कौशिल्या देवांगन ने शुरु करवाई। प्रश्नकाल 11 से 12 बजे तक चला। इस अवधि में मात्र 4 पार्षदों ने ही प्रश्न पूछे। बचे हुए शेष प्रश्नों के उत्तर बाद में लिखित में दिया गया।

सदन की बैठक मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण पश्चात राष्ट्रगान और राज्य गीत से प्रारंभ हुई। एक घंटे की प्रश्नोत्तरी में पहला प्रश्न प्रकाश सिन्हा ▶▶ शेष पेज 2 पर



### महापौर रामू रोहरा का बजट भाषण



महापौर रामू रोहरा ने बजट भाषण में कहा कि मैं धमतरी की पवित्र भूमि, मां बिलाईमाता व मां अंगारमोती माता को नमन करते हुए ईश्वर स्वरूप जनमानस को प्रणाम करता हूं। अध्यक्ष जी यह सदन केवल निर्वाचित सदस्यों का ही नहीं है, अपितु मेरा परिवार है। इस सदन में उपस्थित सभी पार्षद, सदस्य मेरे सहयोगी हैं। मेरा उत्साहवर्धन करते आए हैं। आगे भी यही अपेक्षा रहेगी। इसके अलावा सभी नागरिकगण जो उत्साहवर्धन करने आए हैं सबका हृदय से स्वागत वंदन अभिनंदन। सभी के सहयोग से मुख्यमंत्री का सर्वोपरि लक्ष्य हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे अंतर्गत हमारे शहर को हमने बनाया है हम ही संवारेंगे। इस लक्ष्य को लेकर सामूहिकता के साथ जनहित के कार्यों के लिए एकसाथ मिलकर शहर को संवारेंगे।

### 100 गरीब परिवार सुलभ से वंचित



निर्दलीय पार्षद मदन नेवारे ने बैठक में प्रश्न लगाया कि टिकरापारा वार्ड बालम गली तालाबपार के 100 गरीब परिवार पट्टाधारी सुलभ से वंचित हैं। इससे गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। भूमिहीन पट्टे की अवधि 30 वर्ष समाप्त होने पर आवास का लाभ नहीं मिला है। 2019 में नवीनीकरण किया गया था। सर्वे की कापी प्रदान करने सहित लाभ से वंचित रखने का कारण बताएं। जिस पर लिखित उत्तर निगम द्वारा पार्षद को भेजा गया।

### प्रस्तुत बजट एक नजर पर

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट 30.31 करोड़, जल आवर्धन योजना 34.27 करोड़, अधोसंरचना मद अंतर्गत कार्य 25 करोड़, महापौर पार्षद निधि 4 करोड़ 59 लाख, हाईटेक बस स्टैंड 8 करोड़, सिटी माल 29 करोड़, ट्रांसपोर्ट निर्माण 29 करोड़, औद्योगिक क्षेत्र विकास कार्य 15 करोड़, सिहावा रोड, रत्नाबांधा रोड, रूद्री रोड के लिए 45 करोड़, गोलबाजार के लिए 26.50 करोड़ समेत अन्य कार्य शामिल हैं।

### 52.30 लाख रुपए लाभ का बजट

महापौर द्वारा प्रस्तुत बजट में 52 लाख 30 हजार रूपए का लाभ का बजट पेश किया गया है। वार्षिक अनुमानित बजट वर्ष 2025-26 तथा पुनरीक्षित बजट वर्ष 2024-25 डबल एंट्री पद्धति द्वारा तैयार बजट सदन में पेश किया गया जिसमें कुल आय 563 करोड़ 74 लाख 22 हजार रूपए, कुल व्यय 563 करोड़ 21 लाख 93 हजार रूपए है। इस प्रकार कुल लाभ 52 लाख 30 हजार रूपए है।

### बिना टेंडर दीवार में पेंटिंग का मामला

अखिलेश के जवाब से पहले ही कांग्रेसी पार्षद योगेश लाल ने कहा बिना टेंडर के दीवार का पेंटिंग कार्य हो रहा है। इस मुद्दे पर सदन गर्म हो गया। एमआईसी मेंबर नरेंद्र रोहरा ने पलटकर जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस शासन में दर्जनों घोटाले हुए। एलम खरीदी में भ्रष्टाचार हुआ। इसी बीच कांग्रेसी नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने प्रश्न उठाते हुए जैविक खाद संयंत्र में कचरा निष्पादन के लिए आयुषी कंपनी को दिए निर्देश की जानकारी मांगी। जवाब में एमआईसी मेंबर नीलेश लूनिया ने कहा कि यह कांग्रेस शासनकाल का कार्य है। अच्छी बात है कि नेता प्रतिपक्ष अपने कार्यकाल का मुद्दा उठा रहे हैं। 10 प्रतिशत कार्य हो गया है। चैन माउंटेन, ट्रेक्टर जप्त हैं। दोषियों पर कार्यवाही होगी। तीसरा प्रश्न कांग्रेसी पार्षद उमाबाई ध्रुव का था। ठीक से नहीं बोल पाने की वजह से सुमन मेश्राम ने प्रश्न पूछा, कि धमतरी में कितने तालाब है, कितने का सौंदर्यीकरण हुआ है और कितने बचे हैं। सौंदर्यीकरण करने की लागत क्या है। इस पर एमआईसी मेंबर विजय मोटवानी ने कहा कि शहर में 22 तालाब है। 13 का सौंदर्यीकरण हो चुका है। 9 तालाब बाकी है जिसकी स्वीकृति के लिए फाइल भेजी गई है। निर्दलीय पार्षद छोटू वर्मा ने प्रश्न पूछा कि औद्योगिक वार्ड में लगानी भूमि पर काबिज परिवारों के लिए बीएलसी मकान क्यों नहीं बना। जिस पर एमआईसी मेंबर नरेंद्र रोहरा ने बताया कि 9 परिवारों का मकान बना है। 24 का नाम 2.0 में आ गया है। शेष परिवारों का आवेदन अपर्याप्त है। सही दस्तावेज पर सर्वे करा लिया जाएगा। निगम में 39 प्रश्न लगे थे, जिसमें 4 का जवाब मिला। शेष प्रश्नों का जवाब लिखित में दिया गया।


# हवा की रफ्तार होगी 50 से 60 किमी प्रतिघंटा

## ओलावृटि की संभावना, तापमान गिरेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंचल में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच मौसम फिर करवट लेने जा रहा है। 26 से 28 अप्रैल तक 50 से 60 किमी की रफ्तार से तेज हवा, बादल गरजने, बिजली गिरने तथा बर्फबारी की भी संभावना है। इसी के साथ अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट आ सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार मराठवाडा के उत्तरी भाग से मन्नार की खाड़ी तक आंतरिक कर्नाटक से तमिलनाडु होते हुए औसत समुद्रतल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर उत्तर-दक्षिणी गर्त बना हुआ है। इसके प्रभाव से प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। वहीं चेतावनी दी गई है कि शनिवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर मध्यम से तीव्र मेघ गर्जन, 50 से 60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने तथा ओलावृष्टि की संभावना है। अगले



24 घंटे में छत्तीसगढ़ के अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है। आगामी तीन दिनों में 2 से 4 डिग्री अधिकतम तापमान में गिरावट आ सकती है।

### 2 जिलों में आरेंज, 6 में येलो अलर्ट

मौसम विभाग ने तेज हवा, बिजली गिरने, बादल गरजने तथा ओलावृष्टि को लेकर 8 जिले को अलर्ट में रखा है। आरेंज अलर्ट में कांकेर तथा नारायणपुर जिला है, वहीं बालोद, धमतरी, कोंडागांव, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर को येलो अलर्ट में रखा है।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969



## खबर संक्षेप




### साहू समाज का वार्षिक सम्मेलन 27 को

**मगरलोड।** साहू समाज परिक्षेत्र करेली बड़ी का वार्षिक सम्मेलन 27 अप्रैल को ग्राम परसट्टी में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा होंगे। अध्यक्षता साहू समाज जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने करेंगे। विशिष्ट अतिथि साहू समाज तहसील अध्यक्ष तोषण साहू, जनपद अध्यक्ष विरेन्द्र साहू, जिला पंचायत सदस्य मीना डेमू साहू होंगे। अन्य अतिथि कुसुमलता साहू, तोरण साहू, केकती साहू, लालाराम साहू, लक्ष्मीकांता साहू, गोविन्द साहू, राजेश साहू, भुवन साहू, यशवंत, सुशीला साहू, जितेन्द्र, चंद्रहास, सुरेश साहू, रोहित साहू, गयाराम साहू, ऋषि साहू, लखन साहू, प्रेमचंद साहू, खिलेश साहू, कांति साहू होंगे। सुबह 9 बजे संत माता कर्मा की कलशयात्रा निकाली जाएगी। 11 बजे अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन होगा। कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। करेली बड़ी परिक्षेत्र साहू समाज सचिव टोमन लाल साहू द्वारा आय-व्यय की जानकारी दी जाएगी।

### कण्डेल कॉलेज के लिए राशि स्वीकृत होने पर हर्ष

**पुरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कण्डेल महाविद्यालय के लिए 465 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। इससे कण्डेल की जनता में काफी हर्ष है। इसके लिए भाजपा कण्डेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा को धन्यवाद ज्ञापित किया। आभार व्यक्त करने वालों में यतीश श्रीवास्तव, भीखम सिन्हा, पदुमन नागरची, संतु साहू, गिरवर सार्वा, वेदकुमार साह, लोकेश महेन्द्र, ओंकार नेताम, हेमू साहू, रविकांत साहू, गिरीश साहू , दादू साहू शामिल हैं।

### निधन

### जितेन्द्र साहू



**कोर्रा(भखारा)।** तेलीनसत्ती भानपुरी परिक्षेत्र के संरक्षक लालचंद साहू रांवा निवासी के चाचा छबिलाल साहू के पुत्र जितेन्द्र कुमार साहू पुलिस का गुरुवार को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### हंगामेदार रही निगम की सामान्य सभा की बैठक

ने किया। श्री सिन्हा ने गर्मी में जल विभाग की तैयारी तथा 10 टैंकर की मांग पर प्रश्न पूछा। जवाब में एमआईसी मेंबर अखिलेश ने शहर में पानी के लिए 81 हैंडपंप, 160 मोटरपंप, जल आवर्धन, ओव्हरहैड टैंक की जानकारी दी। श्री सोनकर ने रहिमन पानी राखिए दोहा गाया, जिस पर विपक्षी पार्षदों ने सीधे उत्तर देने कहा। श्री सोनकर ने रैनवाटर हार्वेस्टिंग की जानकारी दी। पार्षद प्रकाश ने पुनः प्रश्न करते हुए कहा कि मौजूदा व्यवस्था पर्याप्त नहीं है।

**भविष्य का लक्ष्य :** महापौर ने बताया कि आधुनिक स्टेडियम जालमपुर मैदान में, सभी वार्डों में जिम, रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था, हटकेशर में नालंदा परिसर, कला केंद्र, गोकुलनगर, सिटी बस सेवा, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, गोलबाजार नवनिर्माण, मेडिटेशन सेंटर, हाईटेक बसस्टैंड आदि शामिल हैं।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
धमतरी मो. 9174466336

## एक देश-एक चुनाव की नींव 1947 में रखी गई थी : हरदेल

**भखारा नपं कार्यालय के सभागार में हुई एक देश-एक चुनाव पर संगोष्ठी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



नगर पंचायत भखारा के सभागार में एक देश एक चुनाव पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन, डॉ. मोहन हरदेल, हेमनारायण गौर, हनुमान प्रसाद साहू, मोहन गोस्वामी, गिरिराज सोन, भुवन निर्मलकर थे। इस अवसर पर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले 26 नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया।

उसके बाद एक देश एक चुनाव पर संगोष्ठी शुरू हुई। चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. मोहन हरदेल ने कहा कि एक देश एक चुनाव की नींव आजादी के समय 1947 में ही रखी जा चुकी थी। देश के पहले लोकतंत्र का चुनाव 1952 में हुआ। लोकसभा सहित पूरे प्रदेश में एक साथ विधानसभा का चुनाव हुआ , फिर अगले दो चुनाव भी एक साथ हुए। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद जब इंदिरा गांधी की सरकार बनी तब से एक देश एक चुनाव में अन्य नेताओं का मतभेद शुरू हुआ। अब 6 दशक बाद फिर उसमें विचार हो रहा है। वह देश हित में है। पूरे विश्व में भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहां यदि एक देश एक चुनाव हो जाता है तो यह विश्व रिकॉर्ड बन सकता है। रिटायर्ड शिक्षक हेमनारायण गौर ने कहा कि एक साथ चुनाव हो जाए तो अच्छी बात है लेकिन यहां प्रैक्टिकली संभव नहीं लगता। क्योंकि समय के साथ लोगों एवं नेताओं के विचार बदल गए हैं। रिटायर्ड शिक्षक हनुमान प्रसाद साहू ने कहा कि यदि एक साथ चुनाव हो जाए तो देश का विकास होगा। समय भी बचेगा। रिटायर्ड विद्युत विभाग अधिकारी भुवन निर्मलकर ने कहा कि एक देश एक चुनाव एक अच्छा प्लान है। भठेली बस्ती पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज सोन ने कहा कि हम एक देश एक चुनाव का समर्थन करते हैं। इससे आम नागरिकों को सुविधा होगी। रिटायर्ड शिक्षक विरेंद्र साहू ने कहा कि यह एक अच्छी सोच है लेकिन सही प्लानिंग जरूरी है। रामकृष्ण नेताम, जितेंद्र साहू ने कहा कि यह जनकल्याणकारी है। सुशील निर्मलकर ने कहा कि एक देश एक चुनाव का हम समर्थन करते हैं।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, पार्षद छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, चांदनी साहू, परदेसी राम कंवर, भानुप्रताप गायकवाड़, बिट्टू गौर, मेघनाथ साहू, भूपेश्वरी चंदेल, गौतमी पटेल, सीएमओ संतोष विश्वकर्मा, इंजीनियर एसके गुप्ता, चैन सिंह मेजर,खेमलता साहू, अंजु साहू, योगेश धीवर, ईश्वर साहू, डॉ. रमेश यदु, कुशराज सोन उपस्थित थे। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने सभी नागरिकों का अभिनंदन किया। आभार व्यक्त पार्षद झम्मन साहू ने किया।

## तीन बेटियों ने दिया पिता की अर्थी को कंधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



ग्राम सिर्री निवासी भारतराम साहू 48 वर्ष का आकस्मिक निधन 24 अप्रैल गुरुवार को हो गया। वे अश्वनी साहू, दुर्गा साहू के भाई और रूक्मणि साहू के पति थे। उनकी तीनों बेटियों डाकेश्वरी साहू, होमिता साहू, भूमिता साहू ने शवयात्रा में शामिल होकर अपने पिता की अर्थी को कंधा दिया। भारत के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में ही किया गया। इस दौरान जयराम, बालाराम, पीलाराम, चंद्रप्रकाश, लोकनाथ, उमाशंकर, ओंकार, रूपल, विक्रम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

## प्रेस क्लब ने दी पहलगाम के मृतकों को श्रद्धांजलि





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकियों ने निर्दोष पर्यटकों पर अंधाधुंध गोली चलाकर उसकी हत्या कर दी। इस घटना में 26 पर्यटकों की मौत हो गई। मगरलोड प्रेस क्लब ने ब्लॉक मुख्यालय के कारगिल उद्यान में वीर शहीदों की याद में निर्मित स्तूप पर कैंडल जलाकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष विरेन्द्र साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय यदु ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादियों की कायराना कृत्य निंदनीय है। निर्दोष पर्यटकों की हत्या करना आतंकी कायरता का प्रमाण है। शोक सभा के माध्यम से शोकाकुल परिवार को दुख सहने की शक्ति देने भगवान से प्रार्थना की गई।

मौके पर प्रेस क्लब संरक्षक सुरेश साहू, अध्यक्ष नीलम साहू, महामंत्री ज्ञानदेव साहू, उपाध्यक्ष पवन निषाद, छत्रपाल साहू, गवेंद्र साहू, टीएल सिन्हा, बंटी सिन्हा, एस कुमार साहू, कैलाश टांडे समेत जनपद अध्यक्ष विरेन्द्र साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय यदु, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश साहू, महाव्यापारी संघ अध्यक्ष विश्वजीत साहू, पार्षद हिरवानी ठाकुर, चेतन बिंझेकर, यादराम गायकवाड़, नरेश अग्रवाल, अशोक साहू, खिलावन साहू, अजय साहू, मैनसिंह हिरवानी, उज्जवल निषाद, प्रधान आरक्षक विरेंद्र चंद्राकर, आरक्षक गोविंदा धृतलहरे, कुणाल साहू, प्रमोद साहू उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त प्राचार्य को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोड़रा के प्राचार्य जेआर साहू को सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय स्टॉफ, अभिभावक और छात्रों द्वारा उनके जन्मदिन के अवसर पर 23 अप्रैल को पेन, डायरी, गुलदस्ता भेंटकर विदाई दी गई ।

प्राचार्य जेआर साहू ने बताया कि उसने शासकीय माध्यमिक शाला बोड़रा में सन 2008 से सन 2025 तक कुल 17 वर्ष तक सेवा दी। यह बेहद खुशी का पल था। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सालिक राम साहू, उपाध्यक्ष टोपेश्वर दीवान, रामकुमार, केशव, नोहर यादव, गौकरण साहू, डाकेश साहू, टेपराम साहू सहित पालकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## अवैध शराब बेचते दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार ने अवैध शराब, गांजा सहित अवैध कारोबारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। इसी तारतम्य में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चरमुड़िया मोड़ के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। कुरुद पुलिस ने सूचना के आधार पर चरमुड़िया मोड़ के पास रेड कार्रवाई कर आरोपी करण चंद्राकर पिता स्व. जोगेन्द्र चंद्राकर उम्र 19 वर्ष साकिन छाती के कब्जे से थैले के अंदर 20 पौवा देशी मसाला शराब कीमत 2000 रूपये एवं बिक्री रकम 150 रूपये कुल 2150 रूपये जब्त किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार पुलिस चौकी करेली बड़ी को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम करेली बड़ी बाजार चौक के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। बाजार चौक के पास करेली पुलिस ने रेड कार्रवाई कर आरोपी धर्मेन्द्र साहू पिता गोकुल राम साहू उम्र 31 वर्ष साकिन करेली बड़ी के कब्जे से 11 पौवा देशी मसाला शराब कीमत 1100 रूपये बिक्री रकम 300 रूपये, कुल 1400 रूपये को जब्त कर धारा 34 (ख) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में थाना कुरुद से सउनि अजय बनारसी, चौकी करेली बड़ी से प्रभारी सउनि तुलसी मिथिलेश, आरक्षक बलराम सिन्हा, मनोहर गायकवाड़ सहित थाना चौकी पुलिस का विशेष योगदान रहा।

## पहलगाम में हुए आतंकी हमले की प्रेस क्लब ने की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

- मृतकों को कैंडल जलाकर दी गई श्रद्धांजलि



नगर पंचायत भखारा में गुरुवार को महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल में प्रेस क्लब भखारा द्वारा कैंडल जलाकर दो मिनट मौन रखकर जम्मू-कश्मीर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मेहत्तर राम साहू ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा किए गए नरसंहार में देश के 26 निर्दोष लोगों को मार दिया गया। इसकी हम घोर निंदा करते हैं। प्रेस क्लब अध्यक्ष थानेश्वर साहू ने कहा कि आतंकियों को फांसी से कम की सजा न हो। उन्होंने मृतात्मा के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मौके पर प्रेस क्लब सचिव युगलकिशोर साहू, संरक्षक मोहम्मद रशीद, उपाध्यक्ष राजेश रात्रे, कोषाध्यक्ष खिलेश साहू, सदस्य नितेश मानिकपुरी, दिग्विजय सिंह, सूरज सिन्हा, प्रीतम टंडन मौजूद रहे।

## सांची 11वीं विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान पर रही

- विसम्भर सिंह पटेल शाउमावि सिहावा में 9वीं, 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



विसम्भर सिंह पटेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा में स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सांची यादव ने कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान संकाय में 92.4 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय विद्या 80.5 प्रतिशत रही। तृतीय मोनिका सोनवानी 89 प्रतिशत रही। कक्षा 9वीं में दर्ज संख्या 167 थी जिसमें 157 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दिलाई थी। 86 बच्चे ही उत्तीर्ण हुए तथा 29 पूरक और 42 अनुत्तीर्ण हुए। नवमी का परिणाम 54.77 प्रतिशत रहा । कक्षा 11वीं कला संकाय का परीक्षा परिणाम 82.75 प्रतिशत, जीव विज्ञान 56.81 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय 100 प्रतिशत तथा कृषि संकाय का परीक्षाफल 59.25 प्रतिशत रहा। इस प्रकार कक्षा ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम 70.17 प्रतिशत रहा। प्राचार्य एसआर साहू ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हलदर शार्दुल रहे। परीक्षा प्रभारी संजय शांडिल्य एवं हरीश साहू थे। मौके पर शिक्षक पूर्णचंद्र यादव, गोविन्द नारायण साहू, दिनेश यादव, दुष्यंत पुजारी, मुकेश यदु, हीराराम मरकाम, हेमन्त साहू, प्रदीप साहू, योगमाया मरकाम, नीतू जैन, हरिता सोम, रश्मि यदु, तिलेश्वरी अटल मौजूद थे।

## ग्रीष्मावकाश में भी बच्चों को पढ़ाई से जोड़ने दिए टिप्स





- भोथीपार स्कूल में पढ़ाई तिहार का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला भोथीपार में पढ़ाई तिहार अंतर्गत अंगना म शिक्षा कार्यक्रम हुआ। ग्रीष्मावकाश में बच्चों को कैसे सहज और सरल गतिविधियों से रोजमर्रा की चीजों के साथ उनके भाषाई कौशलों को पठन और लेखन को समृद्ध किया जाए, इस पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मौजूद माताओं के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा कर गतिविधियां संपन्न कराई गई। लंबे अवकाश में निरंतरता बनाए रखने हेतु टिप्स दिए गए जिस पर माताओं द्वारा सहमति व्यक्त की गई। विद्यालय खुलने के पूर्व एवं नवप्रवेशी छात्रों को घर पर ही पठन और लेखन को समृद्ध करने हरसंभव मदद की जायेगी। कक्षा 1 से 4 एवं 7-9 की कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम भी जारी किया गया। उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को एसएमसी एवं अभिभावकों ने सम्मानित किया। वहीं कमजोर छात्रों को सतत रूप से घर में अभ्यास करते रहने का सुझाव दिया गया।

इस कार्यक्रम में भूषणलाल पटेल, देवेन्द्र कुमार पटेल, गोपेश्वर साहू, एकनाथ साहू, बंशीलाल पटेल, भेमलाल साहू, खोमिन साहू, दीपा पटेल, रीना पटेल, डाकेश्वरी पटेल, खिलेश्वरी सेन, ईश्वरराम साहू, भाग्यश्री साहू, दीनबन्धु साहू, सुरेन्द्र कुमार साहू, सनातन कुमार साहू, सतीशचंद्र साहू, हिरेन्द्र कुमार सोनबेर, रामबगस गंगबेर, टीकाराम सिन्हा, पूर्णिमा सिन्हा, कोमिन यादव समेत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## पहलगांव में मारे गए भारतीयों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरूर(धमतरी)

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पर्यटन स्थल पहलगांव में इस्लामिक आंतकवादियों ने हिन्दू पर्यटकों को धर्म पूछकर निशाना बनाते हुए परिवारजनों के सामने गोलियां चलाकर उनकी बर्बर हत्या कर दी। इससे पूरे देश में आक्रोश है। गुरूर में हिन्दू संगठनों ने इन आंतकी हमलों की निंदा करते हुए इस्लामिक आंतकवादियों पर जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शाम को नगर के बस स्टेंड में हिंदू संगठन ने कैंडल जलाकर मारे गए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

श्रद्धांजलि सभा में नपं अध्यक्ष प्रदीप साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, चंद्रप्रकाश गांधी, द्वारिका भारद्वाज, जयंत साहू, लोकेश साहू, राकेश साहू, हरीश टुवानी, रेणुका टुवानी, खेमन साहू, अजय पारख, रूपेन्द्र देवदास, आंनद शर्मा, ओमू राठी, शेषराज साहू, देवेश सिन्हा, तुषार साहू, दिव्यांश साहू, चंद्रेश झा मौजूद थे।

## जोरातराई में अंगना म शिक्षा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



ग्राम पंचायत जोरातराई की प्राथमिक शाला में अंगना म शिक्षा पढ़ाई तिहार का आयोजन हुआ। इस आयोजन में विद्यार्थियों की माताओं एवं एसएमसी सदस्यों ने भाग लिया। 1 से 9 तक काउंटर लगाकर शिक्षा का महत्व बताया गया। विभिन्न प्रकार की गतिविधियां माता एवं बच्चों द्वारा की गई। मौके पर पूर्णिमा रामस्वरुप साहू सरपंच जोरातराई, ग्राम पटेल महेंद्र साहू, मानसिंह साहू, चंपा साहू, कृष्णा साहू, नीलम निर्मलकर, धानबाई साहू, रेखा निषाद, योगेश्वरी टांडिया, रूपकुमारी साहू, प्रधानपाठक बीपी साहू, सोनकर, महेंद्र साहू, पुष्पा ठाकुर उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
Dental & Cosmetic Treatments
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## जिला पंचायत की पहली सामान्य सभा में खुली योजनाओं की गुणवत्ता की पोल

# हाल ए जेजेएम-कहीं टंकी लीकेज, तो कहीं बोर सूखे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पीएचई से हरी झंडी मिलते ही ठेकेदारों ने बिना सोचे समझे गांवों में टंकी बनाकर पाइपलाइन बिछा दी है। अब इसमें से 50 गांव ऐसे हैं, जहां पर भूजल स्तर सूख गया है। बोर खुदाई तो की गई, लेकिन पानी नहीं निकला है। वहीं कई ठेकेदारों ने निर्माण कार्य में जमकर लापरवाही बरती है। ओव्हरहेड टंकियों में लीकेज है, जिसके चलते भी पानी सप्लाई बाधित है। जिला पंचायत की सामान्य सभा में इस मुद्दे पर खूब बहस हुई। जनप्रतिनिधियों ने तीन महीने में जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद जिला पंचायत में पहली सामान्य सभा की बैठक हुई। पहली ही बैठक में जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट कर दिया कि वे जनहित के मुद्दों में समझौता नहीं करेंगे। शासकीय योजनाओं में लापरवाही बरती गई तो कार्रवाई हर हाल में होगी। बैठक की शुरूआत में ही जल जीवन मिशन का मुद्दा छाया रहा। जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, कविता योगेश बाबर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने टंकी निर्माण सहित अन्य कार्यों में लापरवाही उजागर करते हुए कहा कि पांच साल पहले हुए सर्वे के आधार पर कई गांवों में जल जीवन मिशन का काम हुआ है।

### जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि जनहित के मुद्दों पर वे शांत नहीं रहेंगे

टंकी निर्माण, पाइप लाइन बिछाने के बाद बोर खनन किया गया है। अब बोर में पानी ही नहीं है। ऐसे में लाखों की लागत से किए गए ये काम शो-पीस बनकर रह गए हैं। उपर से पीएचई के अधिकारियों द्वारा काम पूरा होने का प्रमाण-पत्र भी ठेकेदारों को जारी कर दिया गया है। अब इन गांवों के ग्रामीण पानी के जद्दोजहद कर रहे हैं। विडंबना यह है कि पीएचई के पास ऐसे केवल 15 गांवों की लिस्ट है, जबकि हकीकत में करीब 50 गांवों में यही स्थिति है।

यही नहीं कई गांवों के बोर में पानी तो है, लेकिन टंकियों के निर्माण में लापरवाही बरती गई है, जिसके चलते टंकियों में लीकेज है। इन गांवों में भी टंकियां नहीं भर पा रही हैं, जिसके चलते गांवों में पानी की समस्या है। इस मुद्दे पर जनप्रतिनिधियों ने काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने की बात कही। आगामी सामान्य सभा तीन माह बाद होगी। पीएचई के अधिकारी ने इस तीन में जिम्मेदारी तय करने का आश्वासन दिया है।

#### स्थायी कनेक्शन के आवेदनों का ढेर

कृषि पंपों पर विद्युत विभाग द्वारा पहले किसानों को अस्थायी कनेक्शन दिया जाता है। इसके बाद खम्भे, तार आदि की व्यवस्था कर अस्थायी कनेक्शन को स्थायी किया जाता है। बैठक में यह मुद्दा भी छाया रहा। अधिकारियों ने बताया कि अस्थायी कनेक्शन के 1628 आवेदन पेंडिंग हैं। विधायक ओंकार साहू बताया कि लिमतरा में 22 किसान ऐसे हैं, जो पिछले 6 माह से स्थायी कनेक्शन का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि किसान अघोषित लाइन कटौती से परेशान हैं। मोटर पंप कनेक्शनों में शाम 5 से रात 11 बजे तक बिजली बंद रहती है। कई बार तो रात भर बिजली नहीं आती है। लिलांज क्षेत्र में करीब 35 गांव ऐसे हैं जहां पर अभी तक बिजली नहीं पहुंची है। ये गांव नगरी सांकरा से मात्र 4-5 किमी दूर हैं, लेकिन वन विभाग से एनओसी नहीं मिलने के कारण तार बिछाने का काम नहीं हो पाया है। सौर उर्जा से मात्र 3-4 घंटे ही बिजली मिलती है।



#### भटगांव के कुओं में बैक्टीरिया

भटगांव कुओं का गांव है, जहां घर-घर कुआं है। पीएचई ने जब इन कुओं के पानी की जांच की तो पानी में बैक्टीरिया पाया गया, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। बैठक में बताया गया कि कुल 8 कुओं के पानी की जांच की गई। सभी कुओं के पानी में बैक्टीरिया पाया गया। पीएचई ने ग्रामीणों को इस पानी को पीने से मना किया है। भटगांव में जल जीवन मिशन के तहत पानी सप्लाई की जा रही है। इस पानी का उपयोग किया जा सकता है।

#### श्रम योजनाओं में दलाल सक्रिय

श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान जनप्रतिनिधियों ने बताया कि योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए दलाल सक्रिय हैं, जो प्रकरण स्वीकृत कराने के लिए योजना से मिले लाभ का 50 प्रतिशत लेते हैं। श्रम अधिकारी ने योजनाओं में पारदर्शिता बरतने का आश्वासन दिया है। कविता योगेश बाबर ने अधिकारियों द्वारा फोन नहीं उठाने पर नाराजगी जताई।

#### फॉरेस्ट की एनओसी के बिना अटकी कई सड़कें

वनांचल के कई गांव में सड़कों का प्रोजेक्ट फॉरेस्ट से एनओसी नहीं मिलने के कारण अटक गया है। वहीं कई सड़कें एनओसी नहीं मिलने पर अधूरी पड़ी हैं। बताया गया है कि इन सड़कों पर पहले आना-जाना होता था। अब अधूरे काम की वजह से आना-जाना भी बंद हो गया है। जिला पंचायत सदस्य टीकाराम कंवर ने बताया कि सिंगपुर से बेंद्राचुवा मार्ग तो चलने लायक नहीं है। उन्होंने बताया कि कई आफिस, दफ्तर सहित कई भवन बिना फॉरेस्ट की एनओसी के चलते वन विभाग की जमीन पर चल रहे हैं। सड़क जैसी प्राथमिक जरूरत की सुविधाओं के लिए ऐसी समस्या आना निराशाजनक है। इसके अतिरिक्त जनप्रतिनिधियों ने कर्राघाटी सहित अन्य मार्ग का मुद्दा उठाया। कर्राघाटी मार्ग में एक भी पेड़ काटने की जरूरत नहीं है। इसके बाद भी एनओसी नहीं दी गई है।

## पीएमश्री सेजेस बठेना की व्याख्याता कार्यशाला में होंगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पीएमश्री स्कूल अंतर्गत स्टेम शिक्षकों की क्षमता निर्माण कार्यशाला उच्च शिक्षण संस्थान के साथ मिलकर साइंस एवं टेक्नोलॉजी में दक्ष करने आईसर पुणे में 26 अप्रैल से शुरू होगी। यह कार्यशाला समग्र शिक्षा एवं राज्य परियोजना छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित की जा रही है। पीएमश्री स्कूल राज्य समन्वयक आशीष गौतम के नेतृत्व में 132 व्याख्याताओं की टीम पुणे जायेगी। इस कार्यशाला में पीएमश्री सेजेस बठेना की व्याख्याता रेशमा साहू भी शामिल होंगी। इस प्रशिक्षण में साइंस एवं टेक्नोलॉजी के विभिन्न विषयों पर वैज्ञानिकों व विषय विशेषज्ञों द्वारा चर्चा व अन्य क्रियाकलाप संपादित किए जाएंगे। इससे पीएमश्री विद्यालय के विद्यार्थियों को साइंस एवं टेक्नोलॉजी की बेहतर जानकारी मिलेगी।

## गोपी बने छग श्रमजीवी पत्रकार संघ के धमतरी जिलाध्यक्ष



- प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में सर्वसम्मति से हुआ मनोनयन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



छग श्रमजीवी पत्रकार संघ की धमतरी जिला इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन रुद्री स्थित चिन्हारी गेस्ट हाउस में प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी की मुख्य उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर विकासखंड धमतरी, कुरुद, नगरी, मगरलोड और भखारा के ब्लॉक अध्यक्षों समेत पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से गोपी कश्यप को धमतरी जिला अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। श्री कश्यप के दीर्घ पत्रकारिता अनुभव, निष्पक्ष लेखन और सामाजिक योगदान को देखते हुए इस निर्णय को सराहनीय बताया गया। इसी तरह जिला संरक्षक जीवन नाहटा, सलाहकार टोमन लाल सिन्हा एवं सुदेश दीवान, विधिक सलाहकार शत्रुघन साहू, महासचिव रूपेश साहू, उपाध्यक्षगण एस. कुमार साहू, अभिनव अवस्थी, चंद्रप्रकाश सिन्हा, थानेश्वर साहू, सचिव अशोक संचेती, सहसचिव दुर्गेश साहू, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र लाहौरिया, मीडिया प्रभारी अंगेश हिरवानी, सोशल मीडिया प्रभारी वेणु साहू बनाए गए हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के स्वागत से हुई। श्री अवस्थी ने संगठन की भूमिका, उद्देश्यों एवं अब तक पत्रकार हित में हुए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक परिवार है जो हर पत्रकार की समस्याओं व हितों के लिए हमेशा संघर्षशील है।

नव नियुक्त जिलाध्यक्ष गोपी कश्यप ने कहा कि पत्रकारिता केवल खबरों तक सीमित नहीं, यह समाज के प्रति एक उत्तरदायित्व है। हमारा उद्देश्य न केवल पत्रकारों की समस्याओं को मुखर करना है, बल्कि समाजसेवा एवं रचनात्मक कार्यों के माध्यम से संगठन को एक नई पहचान दिलाना भी है। उन्होंने संघ के आगामी कार्यों की रूपरेखा भी साझा की।


कार्यक्रम में जिला संरक्षक जीवन नाहटा ने अपने दीर्घ अनुभव को साझा करते हुए पत्रकारिता के मूल्यों, नैतिकता और ज़िम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उनके विचारों ने पत्रकारों को नई ऊर्जा से भर दिया।

इस अवसर पर पुष्पेन्द्र साहू (धमतरी), दिग्विजय सिंह साहू (कुरुद-भखारा), कैलाश टांडे (मगरलोड), धर्मेंद्र यादव (नगरी) के अलावा रिजवान मेमन, राजू पटेल, कृष्णा दीवान, उत्तम साहू, नारद साहू, कुलदीप साहू, राजूनाथ गोसाई, थरुण निषाद, गोलू मंडावी, मिथलेश पटेल, गोविंदा सेन, नीलाभ शुक्ला, राजू साहू, यादराम साहू, निमेश शुक्ला, खिलेश साहू, धनेश्वर सिन्हा सहित अनेक पत्रकार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संघठन के धमतरी जिला प्रभारी एवं दुर्ग जिला अध्यक्ष ललित साहू ने किया।

#### पहलगाम के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

कार्यक्रम का एक भावनात्मक क्षण तब आया जब उपस्थितजनों ने पहलगाम में शहीद हुए वीरों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। यह आयोजन पत्रकार एकता, गरिमा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और भी प्रगाढ़ करने वाला सिद्ध हुआ। जिले में पत्रकार हितों की रक्षा और संगठन की मजबूती के लिए यह एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

## तेज रफ्तार हाइवा अस्पताल में घुसा





- वाहन चालक के हाथ, पैर में आई गंभीर चोट, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम भेंडरी में गुरुवार की रात्रि लगभग 11 बजे एक तेज रफ्तार हाइवा लोहे के विद्युत पोल को तोड़ते हुए अस्पताल में घुस गया। ज्ञात हो कि नयापारा राजिम की ओर से रात्रि लगभग 11 बजे हाइवा क्रमांक सीजी 04 पीओ 5220 रेत खदान में रेत भरने के लिए तेज रफ्तार से आ रहा था। गति तेज होने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर लोहे के विद्युत पोल से टकराकर दो वृक्ष को तोड़ते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में घुस गया। इस घटना में वाहन चालक के हाथ, पैर व अन्य अंगों में गंभीर चोट लगी है।

जानकारी मिलने पर करेली बड़ी चौकी प्रभारी एएसआई तुलसी मिथिलेश स्टाफ के साथ घटनास्थल पहुंचे और ड्राइवर को अस्पताल में भर्ती कराया। दूसरे दिन सुबह जेसीबी मशीन से वाहन को बाहर निकाला गया। वाहन चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।




## शाम को पानी के लिए भटकते रहे लोग

- बारिश से पहले विद्युत विभाग का मेंटनेंस कार्य चालू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विद्युत मेंटनेंस के चलते शुक्रवार को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की बिजली बंद रही। बिजली बंद रहने से शहर में पानी सप्लाई भी बाधित रही। कई लोगों ने सुबह ही पानी की पर्याप्त व्यवस्था कर ली थी। नगर निगम के टैंकर भी दिनभर वार्डों के फेरा लगाते रहे।

बारिश से पहले विद्युत विभाग का मेंटनेंस कार्य चालू हो गया है। इसी के चलते शुक्रवार को वाटर ट्रिटमेंट प्लांट की बिजली सप्लाई बंद रखी गई थी। रात में बिजली सप्लाई थी, जिसके चलते सुबह तो लोगों को पानी मिला, लेकिन दिन भर बिजली बंद रहने के कारण शाम को पानी सप्लाई बाधित रही। शहर के 25 से ज्यादा वार्डों में पानी की गंभीर समस्या पैदा हो गई थी। स्थिति को देखते हुए नगर निगम ने अपने सभी टैंकरों को शहर में दौड़ाना शुरू दिया। इससे लोगों को थोड़ी राहत तो मिली, लेकिन पानी की जरूरत पूरी नहीं हो पाई। बनियापारा के किशन गुप्ता, राधेश्याम साहू ने बताया कि पहले से ही नगर निगम की पेयजल सप्लाई व्यवस्था कमजोर है। सुबह शाम 5-10 मिनट ही पानी मिलता है। शुक्रवार को तो पानी ही नहीं मिला।

## ट्रैक्टर की ठोकर से स्कूटी सवार महिलाएं घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- सिहावा चौक के पास हुआ हादसा

घर लौट रही स्कूटी सवार महिलाओं को तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने ठोकर मार दी। घटना में दोनों महिलाएं घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय जोधापुर वार्ड निवासी लक्ष्मीबाई यादव उम्र 60 वर्ष एवं चित्रलेखा उम्र 44 वर्ष शुक्रवार को स्कूटी में सवार होकर किसी काम से ग्राम अछोटा गई थी। दोपहर में सिहावा चौक होते हुए वापस अपने घर जोधापुर लौट रही थी। इसी दौरान एटूजेड महासेल के सामने तेज रफ्तार ट्रेक्टर के चालक ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रेक्टर की ठोकर से दोनों महिला स्कूटी सहित सड़क पर दूर फेंका गई। घटना को देख गोविंद आटो वाले ने रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान को सूचना दी। सूचना पर शिवा एम्बुलेंस के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

## नए पुलिस कप्तान ने ली जनरल परेड की सलामी

- दरबार लगाकर कर्मचारियों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक ने रक्षित केंद्र में जिले के अधिकारी-कर्मचारियों की साप्ताहिक जनरल परेड ली। इस दौरान दरबार लगाकर कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत होकर उसके निराकरण के लिए आश्वस्त किया।

पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार ने शुक्रवार को रक्षित केंद्र में आयोजित साप्ताहिक जनरल परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। उसके बाद सभी प्लाटून का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों व टर्न आउट को चेक कर उत्साहवर्धन के लिए इनाम दिया। इस दौरान राजपत्रित अधिकारियों एवं प्लाटून कमांडरों ने अलग-अलग प्लाटून को एकल रूप से परेड अभ्यास कराया। एएसआई रामावतार राजपूत ने परेड का संचालन किया। मार्चपास्ट के साथ परेड का समापन किया गया। इस दौरान अग्निशमन विभाग से आए फायर फाइटर्स के जवानों ने आग लगने व आग के प्रकार एवं आग बुझाने के संबंध में विभिन्न जानकारी देकर डेमो दिखाया। पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को आग पर काबू पाने का अभ्यास कराया गया। परेड के बाद एसपी ने पुलिस अधिकारी कर्मचारियों का दरबार लगाकर उनकी समस्याओं से अवगत हो निराकरण के लिए आश्वस्त किया। पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली।

एसपी ने कहा कि अपने कर्तव्य को सही ढंग से निर्वहन के लिए स्वस्थ रहना आवश्यक है। इसके लिए नियमित खानपान एवं नियमित व्यायाम करने के निर्देश दिए। डयूटी के दौरान साफ सुथरी वर्दी पहनने एवं जनता के प्रति मधुर व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए। एसपी ने रक्षित केंद्र की विभिन्न शाखाओं तथा शासकीय वाहनों का भी निरीक्षण किया गया। परेड में नगरी एसडीओपी शैलेंद्र पांडे, डीएसपी मीना साहू, मोनिका मरावी, कुरुद एसडीओपी रागिनी मिश्रा, थाना प्रभारी सहित जिले के पुलिस अधिकारी कर्मचारी व यातायात स्टाफ उपस्थित रहा।

#### परेड अनुशासन की नींव है

पुलिस विभाग में परेड को अनुशासन की नींव माना जाता है। परेड न केवल अनुशासन को मजबूत करती है बल्कि टीमवर्क की भावना को भी विकसित करती है। इससे पुलिसकर्मी शारीरिक व मानसिक रुप से स्वस्थ रहते हैं। परेड के माध्यम से पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के अनुशासन एवं कार्यक्षमता में भी वृद्धि होती है।

## शंकरदाह के भास्कर का अग्निवीर में चयन



**धमतरी।** ग्राम शंकरदाह के भास्कर ध्रुव का अग्निवीर में चयन होने से परिवार एवं ग्राम वासियों में खुशी की लहर है। हायर सेकेंडरी स्कूल उत्तीर्ण होने के बाद मात्र 19 साल में पहले प्रयास में उनका चयन हो गया। एक विदाई सम्मान समारोह में सरपंच श्रीमती रमी गौतम, रिटायर्ड हवलदार शिव ध्रुव, रिटायर्ड एएसआई इंद्र कुमार साहू, रिटायर्ड हवलदार सोहनलाल साहू, एसआई उदय ध्रुव, कांस्टेबल यादराम यादव, कांस्टेबल यशवंत साहू, अग्निवीर प्रतीक साहू, कांस्टेबल कोमेश्वर गौतम, महेश साहू, यशवंत देवदास, भानुप्रताप नेताम, श्रीमती सीता ध्रुव ने बेंगलुरू ट्रेनिंग के लिए विदा किया। भास्कर ध्रुव के पिता भी देश सेवा कर रिटायरमेंट हो चुके हैं। भास्कर बेंगलुरु में सैन्य प्रशिक्षण लेंगे।

## भोथली स्कूल के पूर्व छात्र का आर्मी पैरा स्पेशल कमांडो में चयन

आज 6 माह की ट्रेनिंग के लिए बेंगलुरू रवाना होंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विद्यालय भोथली के पूर्व छात्र देवेंद्र साहू पिता कृष्ण कुमार साहू का चयन आर्मी पैरा स्पेशल कमांडो के रूप में हुआ है। शनिवार को बेंगलुरु में 6 माह की ट्रेनिंग के लिए रवाना होंगे। देवेंद्र प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहे हैं। 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। उन्होंने देश सेवा को प्राथमिकता दी। भारत स्काउट गाइड व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के रूप में सराहनीय योगदान दिया है। प्राचार्य श्रीमती एस रामटेके, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष त्रिभुवन सन्हरा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गणेश प्रसाद साहू ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन एलएन साहू व आभार प्रदर्शन राकेश कुमार साहू ने किया। इस मौके पर गुहलेद सन्हरा, अशोक सिन्हा, नवलख साहू, गंभीर राम साहू, रामशरण मिश्रा, धनंजय सोनकर, एलएन शांडिल्य, रेखा देहारी, रेणुका ध्रुव, स्वाति शोरी समेत गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।







